सत्यमेव जयते
भारत सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अनुराग सिंह ठाकुर

मंत्री
सूचना एवं प्रसारण
और
युवा कार्यक्रम व खेल
भारत सरकार

अपील

हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ।

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में हिन्दी भाषा ने लोगों को संपर्क और संवाद के एक सूत्र में बांधकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिन्दी भाषा के इसी महत्व को समझते हुए, भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिन्दी भाषा को भारत गणराज्य की कामकाज की भाषा अर्थात राजभाषा के रूप में अपनाया।

संपूर्ण देश में विकासात्मक कार्यों को जन-साधारण तक पहुंचाने में राजभाषा हिन्दी की विशेष भूमिका रही है। भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और नए भारत के निर्माण में राजभाषा हिन्दी उपयोगी सिद्ध हो रही है। इस संदर्भ में, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की भूमिका और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है जब मंत्रालय को समस्त जानकारी निरंतर और तत्काल आम जनता तक पहुंचाने का दायित्व सौंपा गया हो। राष्ट्र की भाषा जब विकास की वाहक बनती है तो नागरिकों में राष्ट्र के प्रति प्रेम और सरकार के प्रति विश्वास बढ़ता है। अत: राजभाषा हिन्दी का प्रचार-प्रसार हमारा संवैधानिक दायित्व होने के साथ-साथ सामूहिक उत्तरदायित्व भी है।

आइए, हिन्दी दिवस के पावन अवसर पर यह संकल्प लें कि हम सभी सरल और सुबोध भाषा का प्रयोग करके अपना अधिकांश कामकाज राजभाषा हिन्दी में करेंगे और अपने साथियों को भी हिन्दी में काम करने के लिए प्रेरित करेंगे।

नई दिल्ली
14 सितंबर, 2021

(अनुराग सिंह ठाकुर)